>

Title: Request for conversion of Ujjam-Jhalawad road from two to four lane in Ujjain Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद । मैं सबसे पहले बाबा महाकाल से प्रार्थना करूंगा कि हमारे अध्यक्ष जी स्वस्थ होकर जल्दी से जल्दी सदन में आएं । मेरे क्षेत्र उज्जैन-झालावाड़ सड़क का बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है । माननीय सड़क परिवहन मंत्री आदरणीय गडकरी जी ने उसे स्वीकृत तो किया है, लेकिन टू लेन का स्वीकृत किया है । मेरी बार-बार यही मांग थी और आज फिर मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि उसको टू लेन की जगह फोर लेन किया जाए । वह बहुत कंजेस्टेड है । मैं वर्ष 2016 में विधायक था तो प्रश्न लगाया था और उस समय एक्सीडेंटल मौतों के आँकड़े कम से कम 700 थे । अब वर्ष 2021 चल रहा है तो हजारों लोग असमय काल के गाल में जा चुके हैं । बहुत से परिवार बर्बाद हो गए हैं । गडकरी जी और माननीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि एक्सीडेंट्स कम हों । मैं जब उस क्षेत्र में दौरा करने जाता हूँ तो मुझे राम-राम बोलकर यह सोचते हुए जाना पड़ता है कि मैं जिंदा लौटूंगा या नहीं लौटूंगा, यह स्थिति है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूँ कि उसको फोर लेन किया जाए, क्योंकि उज्जैन में सिंहस्थ मेला भी लगता है । वह एक बहुत महत्वपूर्ण सड़क है ।